पेज थ्री
देहरादून

# हमारा दून






सीएम योगी को सीएम रावत ने एयरपोर्ट पर विदाई पर केदारनाथ की अनुकृति भेंट की।

# श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए एक और सुविधा उपलब्ध हो जायेगी

**शिलान्यास**

■ बदरीनाथ में उत्तर प्रदेश विश्रामालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास हुआ

**संवाददाता**

देहरादून। बदरीनाथ में उत्तर प्रदेश विश्रामालय का भूमि पूजन एवं शिलान्यास हुआ। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धि है। देशभर से लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक यहां आते हैं, इस पर्यटक आवास गृह के निर्माण से श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए एक और सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जैसा विशाल राज्य आज विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बने। इसकी भी उन्होंने कामना की। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने श्री बदरीनाथ में बर्फ के कारण यातायात एवं अन्य व्यवस्था सुचारू रखने के लिए जनपद चमोली को 01 करोड़ रूपये देने की घोषणा की, ताकि



श्रद्धालुओं को यहां आने जाने में कोई कठिनाई न हो।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उन्हें कई वर्षों के बाद भगवान श्री बद्री विशाल के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। उत्तराखण्ड के चारों धाम पर्यटन के विकास एवं श्रद्धालुओं की श्रद्धा व आस्था के सम्मान को ध्यान में रखते हुए वर्तमान की आवश्यकता के अनुरूप विकास की जिन नई ऊंचाईयों को छूते हुए दिखाई दे रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय एवं अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री त्रवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में उत्तराखण्ड सरकार द्वारा संचालित इन सभी कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के विकास के लिए किये जा रहे सभी प्रयासों के लिए वे हृदय से उनका अभिनन्दन करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश के बीच पिछले 18–20 वर्षों से परिसम्पत्तियों के हस्तान्तरण से सम्बन्धित बहुत से विवाद चले आ रहे थे। ये विवाद उत्तराखण्ड के नये राज्य बनने के बाद से ही चल रहे थे। उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत जी ने अपने रचनात्मक और सकारात्मक पहल से इन सभी समस्याओं का समाधान करने में सफलता प्राप्त की है। इसके परिणामस्वरूप ही हरिद्वार में अलकनन्दा होटल जो उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम का था, जिस पर लम्बे समय से विवाद था। दोनों राज्यों की सरकारो ने आपसी सहमति से तय किया कि अलकनन्दा होटल उत्तराखण्ड सरकार को सौंपेगे और उत्तर प्रदेश सरकार उसी के बगल में एक नया भागीरथी पर्यटन आवास गृह बनायेगी। इस अतिथि गृह का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। हरिद्वार कुंभ से पहले इसे जनता को समर्पित किया जायेगा।

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के

## उत्तराखण्ड मेरी जन्म भूमि भी है, मैंने अपना बचपन उत्तराखण्ड में ही बितायाः सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तराखण्ड मेरी जन्म भूमि भी है, मैंने अपना बचपन उत्तराखण्ड में ही बिताया। पिछले तीन दिनों से यहां के तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। यहां पर नया सीजन प्रारम्भ होने पर पर्यटन आवास गृह का कार्य भी प्रारम्भ होगा। हमारा प्रयास है कि एक वर्ष के अन्दर यह कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अनेक संतों एवं योगियों ने अपनी साधना, योग एवं तप से इस पावन धरती को पवित्र किया है। योगराज सुन्दरनाथ जी की तपस्थली भी श्री बदरीनाथ में है। यहां पर योगराज सुन्दरनाथ जी की गुफा भी है। उन्होंने इच्छा जताई कि उत्तराखण्ड सरकार उनकी गुफा का पुनरूद्धार करे तो बहुत अच्छा कार्य होगा।

श्री बदरीनाथ के दर्शन हेतु आगमन पर देवस्थानम बोर्ड के अधिकारियों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक, उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव गृह अविनाश अवस्थी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस कर्मियों के निलंबन को यूकेडी ने दी आंदोलन की चेतावनी

**संवाददाता** देहरादून। महानगर सिटी बस सेवा महासंघ के अध्यक्ष विजयवर्धन डंडरियाल ने कहा है कि परेड ग्राउंड के पास भाजपा महानगर कार्यालय के सामने अवैध रूप से बनाया गया सिटी बस कार्यालय है। उन्होंने कहा कि जिसकी उनके द्वारा आरटीआई मे सूचना मांगने पर नगर निगम एवं खेल विभाग द्वारा बताया गया था कि यह ऑफिस हमारे द्वारा आवंटन नहीं किया गया है और मेरे द्वारा शासन को पत्र लिखा गया था की टास्क फोर्स उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेशों की अवहेलना कर रहा है जिसमें शासन द्वारा पहले भी टास्क फोर्स को अवैध अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई के लिए कहा गया था।

### शहीद जसवंत सिंह रावत के शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड नवनिर्माण सेना के तत्वावधान में अमर शहीद जसवंत सिंह रावत के शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। जानकारी देते हुए उत्तराखंड नवनिर्माण सेना के संस्थापक व प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार ने बताया कि पत्र में कहा गया है कि उत्तराखंड वीरों की धरती है और देवों की भूमि उत्तराखंड में कई स्वतंत्रता सेनानियों, राज्य आन्दोलनकारियों, रण बांकुरों ने जन्म लिया जिन्होंने देश की अखंडता , एकता,अस्मिता, रक्षा हेतु अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।

### अमेजन ने 'स्टेप' नामक पहल को लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। अमेजन ने आज एक परफॉरमेंस–आधारित बेनेफिट प्रोग्राम 'स्टेप' के लॉन्च की घोषणा की जो सेलर्स को अमेजन पर अपनी तेज प्रगति करने में मदद के लिए डिजाइन किया गया है। 'स्टेप' कस्टमाइज्ड और एक्शनेबल रेकमेंडेशंस प्रदान करके सेलर एक्सपीरियंस को आसान बनाता है जो सेलर्स के लिए प्रमुख कस्टमर एक्सपीरियंस बेहतर बनाने में मदद करते हैं और उनकी प्रगति में सहायक होते हैं।

### व्हाट्सऐप ने भारत में पेमेंट्स फीचर प्रस्तुत किया

**संवाददाता** देहरादून। व्हाट्सऐप ने घोषणा की है कि भारत में नागरिक व्हाट्सऐप पर पैसे भेज सकेंगे। इस सुरक्षित पेमेंट अनुभव द्वारा पैसा भेजना इतना आसान हो जाएगा, जितना आसान 2 करोड़ भारतीयों को संदेश भेजना है। लोग अपने दोस्तों, परिवार या परिचितों को व्यक्तिगत रूप से मिले बिना या बैंक जाए बिना पैसे भेज सकेंगे। व्हाट्सऐप ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) के साथ साझेदारी में यूनिफाईड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) का इस्तेमाल कर अपना पेमेंट्स फीचर डिजाईन किया है।

# दीपावली पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के आंगन सूने रहे

**मांग**

■ उपनल से बहाली और मानदेय भुगतान किये जाने की मांग

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड क्रांति दल के विशेष आमंत्रित सदस्य शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा है कि बिना वेतन के दीपावली मनाने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के साथ ही बाल विकास विभाग से निष्कासित किए गए आउट सोर्स कर्मचारियों की तत्काल उपनल से बहाली और मानदेय भुगतान किये जाने की मांग सरकार से की है।

उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय कार्यालय पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि यदि

### सरकार ने अपना वायदा नहीं निभायाः सेमवाल

दल के नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कहा कि सरकार ने अपना वायदा नहीं निभाया है। कुछ समय पहले आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने आंदोलन किया था तब सरकार ने इनका मानदेय बढ़ाने का आश्वासन देते हुए हड़ताल खत्म करा दी थी लेकिन सरकार ने अपना वायदा नहीं निभाया है और इस दिशा में ठोस पहल नहीं की गई है।

तत्काल सरकार इस पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं करती है तो उत्तराखंड क्रांति दल इनके आंदोलन को समर्थन देते हुए सड़कों पर उतरने मे पीछे नही रहेगा। उन्हांने कहा कि दीपावली पर आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों के आंगन सूने रहे उन्होंने कहा कि सरकार की वजह से आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों व सहायिकाओं की दीपावली इस बार फीकी रही। मात्र रूपये 3750 के अल्प मानदेय पर जीतोड़ मेहनत करने वाली आंगनवाड़ी सहायिकाओं को इस बार दीपावली का मानदेय नहीं मिला है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय 7500 है लेकिन इन्हें भी अभी तक मानदेय नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने शीघ्र ही उन्हें मानदेय प्रदान नहीं किया तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निष्कासित किये गये आउटसोर्स कर्मचारियों को छह माह से वेतन नहीं मिला है और दीपावली पर सरकारी कर्मचारियों को उनका रुका हुआ वेतन तो जारी हुआ ही है बल्कि उन्हें बोनस भी मिला है।

उन्होंने कहा कि बाल विकास से हटाए गए 380 कर्मियों की दीपावली भी मायूस रही और न पैसा मिला न नौकर। उन्होंने कहा कि नेताओ और अधिकारियों के बीच बेरोजगार पिस रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं बल विकास से हटाए गए करीब 380 कर्मचारियों की बहाली पर दो महीने बाद भी असमंजस बना हुआ है। बीते दो महीने से हटाए गए बाल विकास के कर्मियों के ऊपर किसी का ध्यान नही है।

## शहीद स्मारक के लिए भूमि का आवंटन की मांग को यूकेडी का प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग से मिले और सड़कों की मरम्मत किये जाने की मांग की। कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि शहर के अन्तर्गत कई स्थानों पर सड़कों व मार्गो की स्थिति जर्जर हो चुकी है, जगह–जगह गड्ढे होने के कारण आए दिन दुघर्टनाओ व हादसे होते रहते है, जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कुछ स्थान ऐसे भी हैं जहां पूर्व में विभाग द्वारा कार्य तो स्वीकृत हुए थे, लेकिन वर्तमान तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुए हैं। कुछ स्थानों पर सीवर लाईन का कार्य किया जा रहा है, लेकिन विभागीय सामन्जस्य न होने के कारण सड़क निर्माण नहीं हो पा रहा है।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।